**निबंधन और शर्तें (टीओआर)**
**वरिष्ठ परामर्शदाता / परामर्शदाता    निगरानी और मूल्यांकन (एम एंड ई)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना जन स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु राज्यों को तकनीकी और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्तशासी पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है। एनएचएसआरसी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से निम्नलिखित पदों को पूर्णतया संविदा आधार पर भरना चाहता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| पद का नाम | वरिष्ठ परामर्शदाता / परामर्शदाता – निगरानी और मूल्यांकन (एम एंड ई) | | |
| पदों की संख्या | 2 | | |
| अवधि | एक वर्ष | | |
| स्थान | नई दिल्ली | | |
| पद का प्रकार | संविदा पर | | |
| पद | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम अनुभव | पारिश्रमिक सीमा |
| परामर्शदाता | यूजीसी / एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों से<br><br>सांख्यिकी/स्वास्थ्य सांख्यिकी/ जन स्वास्थ्य इन्फॉर्मेटिक्स/ऑपरेशन अनुसंधान/ जनसांख्यिकी/ जनसंख्या अध्ययन/ अर्थशास्त्र / सामाजिक विज्ञान / एंथ्रोपोलॉजी / विकास अध्ययन / जन स्वास्थ्य<br><br>में मास्टर डिग्री | 3 वर्ष या उससे अधिक | रु. 60,000/- से रु. 90,000/- प्रतिमाह |
| वरिष्ठ परामर्शदाता | | 7 वर्ष या उससे अधिक | रु. 90,000/- से रु. 1,20,000/- प्रतिमाह |
| आयु सीमा | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष | | |
| वांछित कौशल | ➢ उच्चस्तरीय कम्प्यूटर दक्षता, विशेषकर - साधारणतः प्रयोग होने वाली विंडोज, एमएस ऑफिस सॉफ्टवेयर तथा सॉफ्टवेयर पैकेज की अच्छी जानकारी।<br>➢ डिजाइनिंग टूल तथा आंकड़े एकत्र करने की कार्यनीति, विश्लेषण तथा रिपोर्टें प्रस्तुत करने का अनुभव।<br>➢ एसएएस जैसे सॉफ्टवेयर टूल का प्रयोग करके आंकड़ों का विश्लेषण करने, डाटा ट्रायंगुलेशन, कार्य-निष्पादन, जन स्वास्थ्य का ज्ञान, राज्य जनसांख्यिकी, जनसंख्या, आदि में कुशलता।<br>➢ बहुविषयक दल परिवेश में कार्य करने की योग्यता प्रदर्शित की हो।<br>➢ तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों का दौरा करने की तत्परता और सौंपे जाने वाले कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने के लिए एक-साथ विभिन्न कार्यों को करने की योग्यता।<br>➢ केंद्र / राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। | | |
| भूमिका और उत्तरदायित्व | ➢ कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु विभागों (केन्द्रीय, राज्य / संघ राज्य क्षेत्र तथा अन्य शामिल हितधारकों) से कार्यात्मक तथा तकनीकी अपेक्षाओं को समझना तथा अपेक्षानुसार गुणवत्ता और मानक अवधारणा दस्तावेज तैयार करना, डिजाइन दस्तावेज, प्रक्रिया प्रवाह दस्तावेज (फ्लो डॉक्यूमेंट), कार्यान्वयन कार्यनीति, दिशानिर्देश, नवाचार तथा प्रयोक्ता नियमावली (यूजर मैनुअल) तैयार करना।<br>➢ विश्लेषणात्मक कार्यनीति के परिचालन तथा मौजूदा एमसीटीएस / आरसीएच प्रणाली के साथ एकीकरण हेतु सरकारी / मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्पर्क करना।<br>➢ एमसीटीएस / आरसीएच आंकड़ों की गुणवत्ता की समीक्षा करने, चुनौतियों तथा कमियों की पहचान करने तथा आंकड़ों की गलतियों में सुधार करने हेतु राज्यों से अनुवर्ती कार्रवाई करने हेतु राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों तथा जिलों का समय-समय पर क्षेत्रीय दौरा करना।<br>➢ डाटा रिपोर्टिंग फॉर्मेट, रिपोर्टों तथा आंकड़ों की उपयोगिता सहित एमसीटीएस / आरसीएच पोर्टल के विभिन्न पहलुओं पर राज्य तथा जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।<br>➢ आवश्यकता के अनुसार रिपोर्टों / डैशबोर्ड / स्कोर-कार्ड के संकेतक / टेम्पलेट्स बनाना।<br>➢ गुणवत्ता आकलन की निगरानी, सामुदायिक निगरानी तथा आंकड़ों के ट्रायंगुलेशन तथा प्रबंधन प्रक्रियाओं हेतु एमसीटीएस / आरसीएच प्रणालिओं के कार्यान्वयन में सहायता करना।<br>➢ एमसीटीएस / आरसीएच पोर्टल तथा अन्य मानक स्रोतों से आंकड़ों की कमियों का पता लगाना एवं विश्लेषण करना और क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न आरएमएनसीएच + ए कार्यक्रमों के प्रभाव और कार्यान्वयन | | |

| | |
|---|---|
| | मूल्यांकन हेतु निगरानी और गैर-परिभाषित क्षेत्रों की पहचान करना।<br>➢ रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपी गई किसी जिम्मेदारी को पूरा करना।<br>➢ एमसीटीएस / आरसीएच एप्लीकेशन के सुदृढ़ीकरण हेतु अनमोल, किलकारी, मोबाइल अकादमी, आरसीएच सिटीजन पोर्टल और दूसरे एप्लीकेशनों के लिए प्रशिक्षण, समीक्षा और कार्यान्वयन संबंधी सहायता उपलब्ध कराना। |
| अन्य निबंधन और शर्तें | ➢ त्यागपत्र देने के मामले में, अभ्यर्थी को एक महीने का नोटिस देना होगा।<br>➢ परियोजना के लिए भारत में कहीं भी यात्रा करने के लिए तत्पर रहना होगा। |

**आवेदन करने के लिए:** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रारूप को डाउनलोड करें, जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है तथा विधिवत रूप से भरा गया आवेदन पत्र recruitment.mcts@gmail.com पर **11-Sep-2018** तक अवश्य ई-मेल कर दें। अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन-पत्र के ऊपर आवेदन किए गए पद का नाम लिख दिया गया है, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।